CEPC
CARPET EXPORT PROMOTION COUNCIL, INDIA

कालीन निर्यात संवर्धन परिषद
CARPET EXPORT PROMOTION COUNCIL
(Set up by Ministry of Textiles, Govt of India)

Registered Office: Shree Jee Complex, Shop No T3, Sharma Market, Harola, NOIDA, (U.P.)
Working Office: 2nd Floor, Rajiv Gandhi Handicrafts Bhawan, Baba Kharak Singh Marg, New Delhi – 110001
Tel.: +91-11-23364716, 23364717, **Website:** www.cepc.co.in, **E-Mail :** info@cepc.co.in
Regional Office: Bypass Road, Hariyawan, Bhadohi, Uttar Pradesh - 221401
Regional Office: IICT Campus, Baghi Ali Mardan Khan, Nowshera, Srinagar - 190011 (J & K)
Website of Ministry of Textiles: www.texmin.nic.in

Siddh Nath Singh
Chairman

अध्यक्ष कालीन निर्यात संवर्धन परिषद का कालीन जगत को संदेश

प्रिय निर्यातक सदस्यों,

मैं आप सभी से संवाद करके बहुत खुश हूं। जैसा कि आप जानते होंगे कि मुझे और मेरे परिवार के सदस्यों को कोविड-19 पॉजिटिव बताया गया था और मुझे दिल्ली के फोर्टिस अस्पताल में बहुत गंभीर स्थिति में भर्ती कराया गया था। सर्वशक्तिमान प्रभु के आशीर्वाद, प्रशासन समिति के सहयोगियों, व्यापार में मेरे दोस्तों की प्रार्थना और आप सभी की कृपा और शुभकामनाओ से आखिरकार मैंने कोरोना को हराया और लंबी लड़ाई के बाद 18 अगस्त को अस्पताल से छुट्टी मिल गयी ।

दोस्तों, अगस्त, 2020 मेरे लिए वास्तव में महत्वपूर्ण है, इसलिए नहीं कि मैं कोविड-19 के साथ लड़ रहा था, बल्कि कालीन निर्यात संवर्धन परिषद 21-25 अगस्त, 2020 तक इंडिया कार्पेट एक्स्पो के प्रथम वर्चुअल संस्करण के आयोजन कर रही है ।

उपरोक्त बाधाओं और कठिन समय के बाद, मुझे यह जानकर खुशी हुई कि अब तक 314 विदेशी खरीदारों ने पहले ही इंडिया कारपेट एक्सपो के लिए पंजीकरण कर लिया है और अभी भी हमारे पास 2 दिन बचे हैं तथा और अधिक खरीदार की भागीदारी की उम्मीद है। मुझे यह जानकर भी खुशी है कि सभी प्रतिभागियों ने अपने बूथ पहले ही बना लिए हैं और एक्सपो में कारोबार करने के लिए तैयार हैं।

यह सभी हमारे प्रशासनिक समिति के सहयोगीयो तथा श्री संजय कुमार अधिशासी निर्देशक के नेतृत्व मे कालीन निर्यात संवर्धन परिषद के सभी अधिकारियों एवं करामचरियों के समर्पण एवं कड़ी मेहनत के फलस्वरूप यह संभव हो पाया है । हालांकि यह उनका कर्तव्य है लेकिन वे मेरी अपेक्षा से परे अपना कर्तव्य निभा रहे है ।

मैं फाल्कन एक्जीबिशन प्राइवेट लिमिटेड के श्री सूरज धवन और उनकी पूरी टीम के प्रयासों की सरहना करता हूँ जिन्होने हमारे सभी प्रतिभागियों को हर संभव मदद और तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया हैं ।

मुझे आशा है कि सभी प्रतिभागियों, प्रशासनिक समिति के सदस्यो (सीओए) में मेरे सहयोगियों, सीईपीसी के अधिकारियों और कर्मचारियों और फाल्कन एक्जीबिशन प्राइवेट लिमिटेड की टीम द्वारा की गया कार्य न केवल अच्छे परिणाम देगा बल्कि कोविड-19 स्थिति के इस मोड़ पर पूरे कालीन उद्योग के लिए वरदान साबित होंगे और मुझे उम्मीद है कि महामारी के बाद का युग हमारा होगा और हम अपने प्रिय माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी द्वारा दिए गए 50% के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे।

मैं सभी सदस्य प्रतिभागियों को प्रदर्शनी के लिए शुभकामनाएं देता हूं पुनः उनसे अपने नेटवर्क कनेक्टिविटी का अतिरिक्त ध्यान रखने का अनुरोध करता हूं। क्योंकि सब कुछ केवल इंटरनेट कनेक्शन पर निर्भर करता है।

एक बार फिर सभी को उनके समर्थन और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद।

(सिद्ध नाथ सिंह)
अध्यक्ष